# कार्यालय जिला पंचायत कबीरधाम

Phone 07741-233677, Fax No- 07741-232987, E-Mail : zp-kawardha.cg@nic.in


## ––प्रेस विज्ञप्ति––

क्रमांक / 1442 / प्रमंआयो–ग्रा / जि.पं. / 2025 कबीरधाम, दिनांक 21 / 03 / 2025

संचालनालय, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, विकास भवन, प्रथम तल,सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़ का पत्र क्रमांक–1251 / PMAY-G / स्था / 31 / 2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 20.09.2024 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर तकनीकी सहायक एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के संविदा रिक्त पद पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन दिनांक 07 / 04/2025 को शाम 5:30 बजे तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम, छ.ग. के नाम से पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

तकनीकी सहायक एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के संविदा रिक्त पद पर चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन, पदों की संख्या, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवेदन पत्र प्रारूप जिले के जनपद पंचायतों तथा कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम, छ.ग. के सूचना पटल एवं जिले के वेब साईट **www.kawardha.gov.in** पर देखा जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत कबीरधाम

पृ. क्रमांक / 1443 / जि.पं. / प्र.मं.आ.यो.–ग्रा. / 2025 कबीरधाम,दिनांक 21 / 03 / 2025

प्रतिलिपिः–

1. **प्रमुख सचिव,** छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन अटल नगर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. **आयुक्त,** दुर्ग संभाग, दुर्ग को सादर सूचनार्थ
3. **संचालक,** प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, विभागाध्यक्ष कार्यालय, विकास भवन, चतुर्थ तल, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. **विकास आयुक्त कार्यालय,** विकास भवन, चतुर्थ तल, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर को सादर सूचनार्थ
5. **जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी,** जिला–कबीरधाम को वेब–साईट में अपलोड करने हेतु।
6. **सहायक संचालक,** जन संपर्क, जिला कबीरधाम को जिले के दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशनार्थ हेतु प्रेषित।
7. **अध्यक्ष / सचिव / सदस्य** जिला स्तरीय चयन समिति को सूचनार्थ।
8. **अनुविभागीय** अधिकारी, (रा.) कवर्धा / बोड़ला / पंडरिया एवं स.लोहारा को सूचनार्थ।
9. **मुख्य कार्यपालन अधिकारी,** जनपद पंचायत बोड़ला / कवर्धा / पण्डरिया एवं स.लोहारा, जिला कबीरधाम को सूचनार्थ कृपया जनपद पंचायत / ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा कराया जाना सुनिश्चित करें।
10. कार्यालय सूचना पटल में चस्पा हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत कबीरधाम

# कार्यालय जिला पंचायत कबीरधाम

Phone 07741-233677, Fax No- 07741-232987, E-Mail : zp-kawardha.cg@nic.in

क्रमांक / 1444 / प्रमंआयो–ग्रा / जि.पं. / 2025 कबीरधाम, दिनांक 21 / 03 / 2025

## / / विज्ञापन / /

**प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत विकासखण्ड स्तर में रिक्त संविदा पदों की पूर्ति किये जाने हेतु विज्ञापन**

संचालनालय, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, विकास भवन, प्रथम तल,सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़ का पत्र क्रमांक–1251 / PMAY-G / स्था / 31 / 2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 20.09.2024 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर तकनीकी सहायक (02 पद) एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (01 पद) रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत–कबीरधाम (छ.ग.) मे दिनांक 07 / 04 / 2025 शाम 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। विकासखण्ड में संविदा रिक्त पदों का पदनाम, संख्यावार व पद संवर्गवार एवं शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है :–

विकासखण्ड स्तर के पद :–

| क. | पदनाम | संविदा वेतन | पद का आरक्षण | | | | | निर्धारित अर्हता | मेरिट हेतु अंक का निर्धारण | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ.पि.व. | अ.ज.जा. | अ.जा. | कुल | | | |
| 1 | तकनीकी सहायक | 35165 / – (लेवल 9) | 1 मुक्त | 1 मुक्त | – | – | 2 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से बी.ई. / बी.टेक / डिप्लोमा (सिविल इंजीनियरिंग) न्यूनतम 60% अंक के साथ उत्तीर्ण **अथवा**<br>**2.** उपरोक्त श्रेणी में अभ्यर्थी उपलब्ध नही होने की स्थिति में बी.ई. / बी. टेक / डिप्लोमा (किसी भी ब्रांच में इंजीनियरिंग) न्यूनतम 60% अंकों के साथ उत्तीर्ण। **अथवा**<br>**3.** उपरोक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नही होने की स्थिति में एम.एस.सी. (गणित / भौतिकी) न्यूनतम 60 % अंको के साथ उत्तीर्ण। | हायर सेकेन्ड्री में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | | | | | | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | | | | | | शासकीय कार्य का अनुभव पर 100 अंको का Weightage देते हुए (प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक) अधिकतम 20 अंक | 20 |
| | | | | | | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | | | | | | साक्षात्कार पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 10 |
| | | | | | | | | | **प्राथमिकता**<br>शासकीय व गैर शासकीय संस्थाओं में निर्माण कार्य में कार्य अनुभव को प्राथमिकता। | |
| क. | पदनाम | संविदा वेतन | पद का आरक्षण | | | | | निर्धारित अर्हता | मेरिट हेतु अंक का निर्धारण | |
| | | | अनारक्षित | अ.पि.व. | अ.ज.जा. | अ.जा. | कुल | | | |
| 2 | डाटा एन्ट्री आपरेटर | 23350 / – (लेवल 6) | – | | 1 मुक्त | – | 1 | 1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण **अथवा** पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त वि.वि. से किसी भी विषय के स्नातक पाठयक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण **अथवा** कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में डिप्लोमा<br>2. डाटा एंन्ट्री आपरेटर / प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा। | हायर सेकेन्ड्री में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | | | | | | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | | | | | | शासकीय कार्य का अनुभव पर 100 अंको का Weightage देते हुए (प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक) अधिकतम 20 अंक | 20 |
| | | | | | | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 20 |
| | | | | | | | | | **प्राथमिकता**<br>प्रधानमंत्री आवास योजना– ग्रामीण में कार्यानुभव को प्राथमिकता। | |

अनिवार्य शर्ते :– अनुभव हेतु पदों में दिये गये आवश्यक वर्षो का सैलेरी स्लीप/बैंक स्टेटमेंट आवश्यक है।

उक्त संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु नियम एवं शर्ते निम्नवत है :–

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन बंद लिफाफे में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम के कार्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 07/04/2025 तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित समय सीमा पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा तथा व्यक्तिगत रूप से भी आवेदन स्वीकर नही किया जायेगा।
2. आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिए लागू होंगे। आयु की गणना 01 जनवरी 2025 के आधार पर की जावेगी।
3. आरक्षित पदों पर आवेदन करने वाले आवेदको को जाति की पुष्टि हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। स्थायी जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति न होने के स्थिति में आरक्षण का लाभ नहीं दिया जायेगा।
4. आवेदक द्वारा आवेदन हेतु समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।
5. अभ्यार्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी का निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें।
6. संविदा नियुक्ति अधिकतम 01 वर्ष के लिए होगी ततपश्चात आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षो की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिए निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
7. यह नियुक्ति, सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन एफ–9–1/2012/1–3 रायपुर दिनांक 31 दिसम्बर 2012 एवं अद्यतन दिनांक निर्देश के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्ते लागू होगी।
8. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।
9. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।
10. संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षो में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
11. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा नियुक्त शासकीय सेवक के रूप में जितनी अवधि तक सेवा दी गई हैं उस अवधि के लिए किसी भी प्रकार के पेंशन, उपादान या मृत्यु–लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
12. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों का मेरिट आधार पर सूची बद्ध किया जावेगा जिसमे से पात्र अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर चयन समिति द्वारा निर्धारित अनुपात में अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जावेगा। तद्उपरांत तकनीकी सहायक के लिए कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार तथा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के लिए (कौशल परीक्षा) में प्राप्त अंको को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।
13. चयन सूची में से सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले आवेदक को नियुक्ति दिया जावेगा। 05 आवेदक को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा एवं भविष्य में पद रिक्त होने पर उसे प्रतीक्षा सूची से भरा जावेगा। प्रतीक्षा सूची 01 वर्ष के लिए मान्य होगी।
14. प्रारंभिक सूची के प्रकाशन के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति में किसी भी प्रकार के शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव प्रमाण पत्र या अन्य प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने पर मान्य नही किया जावेगा। मूल आवेदन में संलग्न किए गए प्रमाण पत्र के आधार पर ही अंक प्रदान किये जायेगें।इस संबंध में चयन समिति का निर्णय मान्य होगा।
15. दावा आपत्ति में केवल लिपीकीय त्रुटी का ही सुधार किया जावेगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नही किए जायेगें।

16. शासकीय/अर्धशासकीय सेवाओं में कार्यरत आवेदक को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना होगा।
17. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं कोई सूचना नही दी जावेगी।
18. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट उल्लेख किया जावें अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा।
19. आवेदक जिसकी 02 से अधिक जीवित संतान है नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा।
20. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नि जीवित हो, पात्र नही होगा। यदि शासन को इस बात का संज्ञान हो जाये की ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छुट दे सकता है।
21. आवेदन पत्र के साथ 5/– रूपये की टिकिट लगा हुआ दो लिफाफा जिसमें आवेदक के पत्र व्यवहार का पूर्ण पता स्पष्ट अक्षरों में लिखा हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
22. नियुक्ति के संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।
23. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत विज्ञापन जिला पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय एवं दिवस पर देखी जा सकती है। इसे जिले के वेबसाईट **www.kawardha.gov.in** से अवलोकन किया जा सकता है।
24. संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अटल नगर रायपुर के निर्देशानुसार नियमों में परिवर्तन मान्य होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत कबीरधाम

पृ. क्रमांक/1445/जि.पं./प्र.मं.आ.यो.–ग्रा. /2025 कबीरधाम,दिनांक 21/03/2025

प्रतिलिपिः–

1. **प्रमुख सचिव**, छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन अटल नगर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. **आयुक्त**, दुर्ग संभाग, दुर्ग को सादर सूचनार्थ
3. **संचालक**, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, विभागाध्यक्ष कार्यालय, विकास भवन, चतुर्थ तल, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. **विकास आयुक्त कार्यालय**, विकास भवन, चतुर्थ तल, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर को सादर सूचनार्थ
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला–कबीरधाम को वेब–साईट में अपलोड करने हेतु।
6. **सहायक संचालक**, जन संपर्क, जिला कबीरधाम को जिले के दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशनार्थ हेतु प्रेषित।
7. **अध्यक्ष/सचिव/सदस्य** जिला स्तरीय चयन समिति को सूचनार्थ।
8. **अनुविभागीय** अधिकारी, (रा.) कवर्धा/बोड़ला/पंडरिया एवं स.लोहारा को सूचनार्थ।
9. **मुख्य कार्यपालन अधिकारी**, जनपद पंचायत बोड़ला/कवर्धा/पण्डरिया एवं स.लोहारा, जिला कबीरधाम को सूचनार्थ कृपया जनपद पंचायत/ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा कराया जाना सुनिश्चित करें।
10. कार्यालय सूचना पटल में चस्पा हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत कबीरधाम

## प्रधानमंत्री आवास योजना–गामीण अंतर्गत जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा विज्ञापित पदों के लिये आवेदन पत्र का प्रारूप

| आवेदक का स्व–प्रमाणित पासपोर्ट साईज का फोटो |
|---|

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत कबीरधाम
छत्तीसगढ़

विषय :– विज्ञापन क्रमांक ...................... दिनांक ................द्वारा विज्ञापित पदों में संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र।

1. आवेदित पद का नाम :– ..............................................................................
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ..............................................................................
   (अंग्रेजी में) :– ..............................................................................
3. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :– ..............................................................................
4. लिंग (महिला/ पुरूष/तृतीय लिंग) :– ..............................................................................
5. जन्मतिथि (अंको में) :– ..............................................................................
   (शब्दों में) :– ..............................................................................
6. 01/01/2025 को आयु :– वर्ष ........................../माह ......................./दिन ..........
7. वर्ग (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अपिव) :– ..............................................................................
8. स्थायी पता :– ..............................................................................
   ..............................................................................
   दूरभाष क्रमांक/मोबाईल नं. ..............................................................................
   ई–मेल (यदि हो तो) ..............................................................................
9. पत्र व्यवहार का पता :– ..............................................................................
   ..............................................................................
10. राष्ट्रीयता :– ..............................................................................
11. मूल निवासी/जन्म स्थान :– ..............................................................................
12. शैक्षणिक योग्यता का विवरण :–

| क्र. | परीक्षा | बोर्ड/विश्व विद्यालय/संस्था का नाम | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

13. रोजगार कार्यालय का नाम :– ........................................

एवं जीवित पंजीयन क्रमांक व दिनांक :– ........................................

14. अन्य योग्यता/अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| क. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव समयावधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | वर्ष | माह |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

15. **वैवाहिक स्थिति :–**

क. विवाहित/अविवाहित :– ........................................

ख. विवाहित होने पर निम्न जानकारी भरी जावें :–

विवाह का दिनांक :– ........................................

**ग. परिवार के संतान का विवरण :–**

क. नाम पुत्र/पुत्री जन्म दिनांक

4.

5.

6.

16. **संलग्नों प्रमाण पत्रों की सूची :–**

1. अनिवार्य अनुभव हेतु सैलेरी स्लिप/बैंक स्टेटमेंट
2.
3.
4.
5.

**आवेदक का हस्ताक्षर**

## घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है एवं आवेदित पद के लिये मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूँ। मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत/असत्य या अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मीद्वारी रदद या निरस्त की जा सकती है। इस संबंध में मुझे कोई नोटिस दिये बिना मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

(पूर्ण नाम व पता)

स्थान :–

दिनांक :–